दिन– रविवार	दिनांक– 10 / 05 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से।	अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवा सशक्तिकरण और आंतरिक शुचिता की भावना के साथ विकसित भारत के निर्माण के लिए एकजुट होने का आह्वान किया।

02 राज्य में बड़े पैमाने पर पुलिस महकमें में फेरबदल। कई आईएएस आफिसर का भी तबादला।

03. बिहार विधान परिषद की खाली हो रही दस सीटों के लिए चुनाव की तारीखों की घोषणा जल्द संभव। मंत्री निशांत कुमार और दीपक प्रकाश परिषद के सदस्य बनाये जा सकते हैं।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अनेक स्थानों में तेज हवा के साथ बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पर्यावरण के प्रति उत्तरदायित्व, युवा सशक्तिकरण और आंतरिक शुचिता की भावना के साथ विकसित भारत के निर्माण के लिए एकजुट होने का आह्वान किया है। पीएम मोदी ने आज बेंगलुरू में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि कोई भी सरकार तभी सफल हो सकती है जब समाज खुद राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाता है।

–––बाइट–––

प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में स्वस्थ युवाओं की अहम भूमिका है।

–––बाइट–––

विकसित भारत का निर्माण ऐसे युवाओं से ही होगा, जो युवा मानसिक रूप से शांत हो, जो सामाजिक रूप से जिम्मेदार हो और जो समाज के प्रति संवेदनशील हो, इसलिए स्पिरिचुअल वेलबिइंग, मेंटल हेल्थ, योग, मेडिटेशन इस पर काम करने वाली, आपकी ये महत्वपूर्ण गतिविधि इन सबकी भूमिका बहुत–बहुत अहम है।

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर महिलाओं के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया।

–––बाइट–––

वर्षों से कांग्रेस देश की महिलाओं की आंखों में धूल झोंकती रही है। कांग्रेस महिला आरक्षण का वादा करती थी और फिर अपने ही सहयोगी दलों से इसका विरोध करवाती थी। बड़ा खेल चला करता था। बीजेपी ने इस खेल को खत्म किया। महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का अधिकार कानून बनाया, लेकिन साथियों कांग्रेस देश की सबसे बड़ी नारी विरोधी पार्टी है, इसलिए कांग्रेस ने संसद में नारी शक्ति वंदन संशोधन को गिरा दिया है।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में आज कानून व्यवस्था पर एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत और पुलिस महानिदेशक विनय कुमार भी मौजूद थे।

---

बिहार विधान परिषद की खाली हो रही दस सीटों को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। अट्ठाईस जून को खाली हो रही इस सीटों के लिए इस महीने के अंत तक चुनाव आयोग की ओर से चुनाव की तारीखों की घोषणा की जा सकती है। एनडीए से नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार और उपेन्द्र कुशवाहा के पुत्र दीपक प्रकाश का परिषद सदस्य बनना तय माना जा रहा है। जदयू से जिन नेताओं का कार्यकाल समाप्त हो रहा है उनमें गुलाम गौस, भीष्म सहनी, कुमुद वर्मा और भगवान सिंह कुशवाहा शामिल हैं। वहीं राजद से मोहम्मद फारूक और सुनील कुमार का कार्यकाल पूरा हो रहा है। भाजपा से मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और संजय मयूख की सीट खाली हो रही है। जबकि कांग्रेस से समीर कुमार सिंह का कार्यकाल पूरा हो रहा है।

---

सम्राट सरकार ने पुलिस और प्रशासनिक महकमे में बड़ा फेरबदल किया है। गृह विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार सुधांशु कुमार को एडीजी विधि–व्यवस्था और विकास वैभव को मगध क्षेत्र का आईजी बनाया गया है। वहीं, नैयर हसनैन खान को आर्थिक अपराध इकाई से हटाकर बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस की जिम्मेदारी दी गई है। अधिसूचना के अनुसार तकनीकी सेवाएं एवं संचार के एडीजी निर्मल कुमार आजाद को पुलिस महानिदेशक, प्रशिक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मद्यनिषेध एवं राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो के एडीजी डा. अमित कुमार जैन अब आर्थिक अपराध

इकाई के एडीजी होंगे। चर्चित आईपीएस अधिकारी अमित लोढ़ा को राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो से हटाकर एडीजी तकनीकी सेवाएं एवं संचार बनाया गया है। इधर, सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार वरिष्ठ आईएएस अधिकारी आनंद किशोर को वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर दिया गया है। आनंद किशोर फिलहाल बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभाते रहेंगे। एच. आर. श्रीनिवास को समाज कल्याण विभाग का नया अपर मुख्य सचिव बनाया गया है।

संतोष कुमार मल्ल को जल संसाधन विभाग से हटाकर आपदा प्रबंधन विभाग का प्रधान सचिव बनाया गया है। वहीं, मुख्यमंत्री सचिवालय में सचिव के तौर पर काम कर रहे कुमार रवि को स्वास्थ्य विभाग का नया सचिव नियुक्त किया गया है। लोकेश कुमार सिंह को पर्यटन विभाग का सचिव बनाया गया है। अजय यादव को ऊर्जा विभाग और संजय कुमार सिंह को वित्त विभाग का सचिव बनाया गया है। प्रणव कुमार को भवन निर्माण विभाग का नया सचिव बनाया गया है, जबकि चंद्रशेखर सिंह अब जल संसाधन विभाग के सचिव की जिम्मेदारी संभालेंगे।

---

बिहार पुलिस में पन्द्रह हजार से अधिक पदों पर विशेष सहायक पुलिस, सैप की अनुबंध पर नियुक्ति की जायेगी। इसकी प्रक्रिया एक जून से शुरू होगी। पुलिस मुख्यालय ने जवानों की भर्ती के लिए पटना जिले के दानापुर कैन्ट स्थित सेवा रोजगार कल्याण संगठन को नोडल इकाई बनाया है। पुलिस मुख्यालय के अनुसार भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी को बिहार का स्थायी निवासी होना अनिवार्य है।

---

तमिलनाडु में टीवीके पार्टी के संस्थापक सी. जोसेफ विजय ने आज सुबह राज्य के पहले गैर द्रविड़ पार्टी के नेता के रूप में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इस अवसर पर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। इधर, असम में भाजपा के वरिष्ठ नेता हिमंत बिस्वा सरमा को भाजपा और एनडीए दोनों के विधायक दल का नेता चुना गया है।

---

गुजरात में सोमनाथ मंदिर में अमृत पर्व पर हर्षोल्लास और उत्साह का वातावरण बना हुआ है। भगवान शिव से जुड़े बारह ज्योतिर्लिंग आस्था और श्रद्धा के विशेष केंद्र हैं और उनमें सोमनाथ प्रथम ज्योतिर्लिंग है। अमृत पर्व पर, पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर के शिखर का ग्यारह तीर्थ स्थलों के जल से अभिषेक किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में कल ध्वज पूजा और महापूजा होगी। इधर, सारण के हरिहरनाथ मंदिर में भी सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मनाया जाएगा। आयोजन में भक्ति संगीत, स्तुति गान और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी।

---

शिक्षा मंत्रालय गर्मी की छुट्टियों में, देश के सभी स्कूलों में भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन करेगा। एक सप्ताह का यह शिविर भारतीय भाषाओं में बुनियादी संवाद कौशल सीखने, शब्दों को जानने, अपना परिचय देने, वास्तविक जीवन की बातचीत और संस्कृति की सराहना पर केंद्रित होगा। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरुप समावेशी और समान शिक्षा के दृष्टिकोण को बढ़ावा देना है।

---

परिवहन मंत्री दामोदर राउत ने कहा है कि पर्यावरण की रक्षा के लिए राज्य में इलेक्ट्रिक वाहनों के परिचालन को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। परिवहन मंत्री ने शेखपुरा में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि राज्य में चार्जिंग पॉइंट का जाल बिछाने का काम जारी है। उन्होंने कहा कि इससे युवाओं को को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे।

———बाइट———

---

खान एवं भूतत्व मंत्री डा. प्रमोद चंद्रवंशी ने कहा है कि राज्य में सुशासन का राज कायम करना सरकार की प्राथमिकता है। श्री चंद्रवंशी ने मुजफ्फरपुर में

संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि अवैध खनन करने वालों के खिलाफ कड़ी कारवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अपराध और अपराधी के लिए बिहार में कोई जगह नहीं है।

---

राज्य में पुलों की सुरक्षा और उनके रख–रखाव में अनियमितता के मामलों में इंजीनियर और उससे संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की जायेगी। पथ निर्माण सचिव पंकज कुमार पाल ने बताया कि पुलों की गुणवत्ता और सुरक्षा के साथ समझौता नहीं किया जायेगा। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग की देखभाल करने वाली संस्थाओं को पुलों का सुरक्षा ऑडिट करने का निर्देश दिया है।

---

एम्स, पटना में आज नवजात शिशु देखभाल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें देशभर से स्वास्थ्यकर्मियों, सरकारी अधिकारियों और नवजात शिशु विशेषज्ञों ने भाग लिया। राष्ट्रीय नवजात विज्ञान फोरम की ओर से आयोजित इस शिविर में एक ही दिन में अठारह हजार से अधिक स्वास्थ्यकर्मियों को नवजात पुनर्जीवन तकनीक का प्रशिक्षण दिया गया। एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक–सह–कुलपति डॉ. राजू अग्रवाल ने इस प्रशिक्षण को बेहद महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे स्वास्थ्यकर्मी हर परिस्थिति में प्रभावी तरीके से कार्य करने के लिए तैयार रहेंगे। कार्यक्रम में यूनिसेफ बिहार की चीफ ऑफ फील्ड ऑफिस मोनिका नील्सन, सांसद डॉ. संजय अग्रवाल और एम्स पटना के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. अनुप कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

---

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के अधिकतर भागों में आंधी–बारिश की स्थिति बनी हुई है। आज सुबह राजधानी पटना, वैशाली, सारण, मुजफ्फरपुर सहित आस–पास के क्षेत्रों में हल्की बारिश हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना ने अगले चौबीस घंटों के दौरान सीमांचल के क्षेत्रों सहित प्रदेश के उत्तर–पश्चिम और दक्षिण–पूर्व भागों में तेज हवा के साथ मेघगर्जन का पूर्वानुमान जारी किया है।

———बाइट———

मौसम में परिवर्तन से राज्य के कई जिलों में न्यूनतम तापमान में कमी आई है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान गयाजी में न्यूनतम तापमान उन्नीस डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं, कैमूर, सारण, जहानाबाद, नालंदा, शेखपुरा और मुंगेर में न्यूनतम तापमान में कमी दर्ज की गई।

———————————————————

अरवल जिले के मेहंदिया थाना क्षेत्र के एनएच एक सौ उनतालीस पर दो वाहनों की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई। वहीं, चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये।

———————————————————

सीवान के पुलिस अधीक्षक पुरन कुमार झा ने कहा है कि अपराध नियंत्रण में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जायेगी। जिले के सभी थानाध्यक्षों और अन्य पुलिस अधिकारियों की बैठक में श्री झा ने हत्या, आर्म्स एक्ट और संगीन मामलों में तेजी से चार्जशीट दाखिल कर अपराधियों को सजा दिलाने का निर्देश दिया।

———————————————————

पश्चिम चंपारण के बेतिया नगर निगम ने झिलिया मोहल्ले में एक करोड़ बियासी लाख रूपये की लागत से तीन महत्त्वपूर्ण विकास योजनाओं को पूरा करने की पहल शुरू की है।

———————————————————

जहानाबाद जिला ने सात निश्चय एक और दो की योजनाओं के क्रियान्वयन में पूरे राज्य में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। राज्य सरकार की ओर से अप्रैल दो हजार छब्बीस के लिए जारी रैंकिंग रिपोर्ट में जहानाबाद ने यह उपलब्धि दर्ज की है।

———————————————————

बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड ने मधुबनी के हरलाखी प्रखंड के विश्वामित्र स्थान और कल्याणेश्वर महादेव मंदिर के विकास कार्य के लिए टेंडर जारी कर दिया है। जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने कहा कि दोनों स्थलों के सौंदर्यीकरण एवं आधुनिक पर्यटन सुविधाओं के विकास से जिले में पर्यटन गतिविधियों को नया आयाम मिलेगा।

---

गंगा नदी पर बने विक्रमशिला सेतु के क्षतिग्रस्त होने के बाद पूर्व रेलवे ने देवघर और सरायगढ़ के बीच इकतीस मई तक अनारक्षित विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में यात्रा के दौरान बांका, बाराहाट, भागलपुर, सुल्तानगंज, रतनपुर और मुंगेर स्टेशनों पर रुकेगी।

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवा सशक्तिकरण और आंतरिक शुचिता की भावना के साथ विकसित भारत के निर्माण के लिए एकजुट होने का आह्वान किया।

02 राज्य में बड़े पैमाने पर पुलिस महकमें में फेरबदल। कई आईएएस आफिसर का भी तबादला।

03. बिहार विधान परिषद की खाली हो रही दस सीटों के लिए चुनाव की तारीखों की घोषणा जल्द संभव। मंत्री निशांत कुमार और दीपक प्रकाश परिषद के सदस्य बनाये जा सकते हैं।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अनेक स्थानों में तेज हवा के साथ बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया।

---

समाप्त